ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या –01 ,सैक्टर-के0पी0 –04 ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला- गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश
website : www.greaternoidaauthority.in

पत्रांक- ग्रेनो/आई0टी0/2025/1576
दिनांक 05-02-2025

BPO/ ITES PLOTS की योजना कोड-BPO/ITES-0002/2024 के निविदाकारो/आवेदकों हेतु आवश्यक सूचना

ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण के आई0टी0 विभाग द्वारा दिनांक 21.09.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से योजना प्रकाशित कराकर एस.बी.आई. के ई–ऑक्शन पोर्टल एवं प्राधिकरण की बेबसाईट के द्वारा दिनांक 23.09.2024 से सैक्टर–नॉलेज पार्क–5 में 20 BPO/ ITES PLOTS की योजना कोड– BPO/ITES-0002/2024 लायी गयी थी। जिसमें 20 भूखण्डों के लिए कुल 121 निविदायें प्राप्त हुई हैं। जिसमें से 02 भूखण्डों Event ID-31329 & 31330 में एकल निविदा होने के कारण ऑक्शन निरस्त करने का निर्णय लिया गया है तथा शेष 18 भूखण्डों के सापेक्ष 115 निविदाकारों को प्राईस बिड में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह/पात्र (Eligible) पाया गया है।

इन 18 BPO/ITES भूखण्डों के 115 अर्ह/पात्र (Eligible) निविदाकारों के लिए दिनांक 07.02.2025 (शुक्रवार) को अपराह्न 1.00 बजे से 3.00 बजे तक Price Bid Auction एस.बी.आई. के E-Auction Portal के माध्यम से किया जायेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त शेष **02** निविदाकारों, जिनको एकल निविदा प्राप्त होने के फलस्वरूप अर्ह/पात्र नहीं माना गया है तथा 04 निविदाकारों, जिनके द्वारा एस0बी0आई0 पोर्टल पर अपने प्रपत्र अपलोड नहीं किये गये हैं, इन सभी 06 निविदाकारों की जमा धरोहर राशि (E.M.D.) एस0बी0आई0 पोर्टल के माध्यम से वापिस की जा रही है।

विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0)
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण